दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर (उ०प्र०)
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur (U.P.)

पत्र संख्या :- 74/स०का०/2025 दिनांक - 24.05.2025

सेवा में,

समन्वयक,
आई.टी.सी. सेल,
दी.द.उ.गो.वि.वि. गोरखपुर।

महोदय,

अवगत कराना है कि मा० कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में विश्वविद्यालय परिसर स्थित रसायन शोध भवन के पीछे प्रस्तावित सेन्ट्रल इन्स्ट्रमेन्टेशन भवन स्थल, बी.टेक. भवन् के पीछे, विधि विभाग के पीछे एवं स्टेडियम गेट के सामने गिरे, सूखे, हरे एवं औकट वृक्षों की नीलामी हेतु निविदायें आमंत्रित होनी है। जिसकी **आक्शन आई.डी. – 21529** की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर होनी है। नीलामी की नियम एवं शर्ते संलग्न है।

अतः उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ddugu.ac.inपर अपलोड करने का कष्ट करें।

प्रभारी सम्पत्ति कार्यालय



Scanned with OKEN Scanner

# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर (उ0प्र0)
# Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur (U.P.)

## नीलामी निविदा (आक्सन बिड)

62/स्त0का0/2025 09/5/2025

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर, विश्वविद्यालय गोरखपुर परिसर स्थित निम्नंकित स्थानों पर गिरे, सूखे, हरे एवं औकट वृक्षों की नीलामी हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है :–

1. विश्वविद्यालय गोरखपुर परिसर स्थित रसायन शोध भवन के पीछे प्रस्तावित सेन्ट्रल इन्स्ट्रमेन्टेशन भवन स्थल।
2. विश्वविद्यालय गोरखपुर परिसर स्थित बी.टेक. भवन के पीछे, विधि विभाग के पीछे एवं स्टेडियम गेट के सामने।

## htpp//Gem.gov.in पर online वृक्ष की नीलामी निविदा (आक्सन बिड) की नियम व शर्ते

1. वृक्ष नीलामी में भाग लेने वाले निविदादाता को ई0एम0डी0 की धनराशि रू0 70,000 निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जिसका बैंक ड्राफ्ट वित्तअधिकारी, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर, विश्वविद्यालय गोरखपुर के नाम करना होगा। ई0एम0डी0 की धनराशि के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्रम0सं0 | वृक्षों के नाम | वृक्षों की संख्या | मूल्यांकित धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | सागौन | 445 | |
| 2 | औकठ | 17 | |
| 3 | नीम | 2 | |
| 4 | बड़हल | 5 | |
| 5 | सिंहोर | 1 | |
| 6 | सिरस | 5 | |
| 7 | बेल | 1 | |
| 8 | अशोक | 1 | |

उपरोक्त वृक्षों का आधार मूल्य रू0 21,00000/– है।

2. नीलामी जहाँ है जैसे है के आधार पर की जायेगी।
3. जेम पोर्टल पर आक्शन बिड (नीलामी निविदा) में शामिल होने से पूर्व किसी भी कार्यालय दिवस के दिन वृक्षों को देखा जा सकता है।
4. सफल निविदादाता द्वारा अनुबंध हस्ताक्षरित करने एवं उपरोक्त तालिका अनुसार धरोहर धनराशि जमा करने के उपरान्त ई0एम0डी0 की धनराशि वापस कर दी जायेगी। असफल निविदादाताओं की ई0एम0डी0 की धनराशि निविदा के अंतिमीकरण के उपरान्त वापस कर दी जायेगी।
5. व्यापार कर अधिकारी द्वारा निविदाकर्ता फर्म को निर्गत GST नम्बर एवं GST पंजीकरण प्रमाण–पत्र स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. वन विभाग द्वारा दिये गये पातन अनुज्ञा निर्गत करने की शर्तो के अनुसार नीलामी की जायेगी।जैसे :

    अ. एक वृक्ष के कटान के स्थान पर 10 पौधो के रोपण एवं उनके पॉच वर्षीय अनुरक्षण के लिए प्रति वृक्ष 1000/– की दर से एन0एस0सी0/प्रतिभूति के रूप में जमा करनी होगी जो प्रभागीय वनाधिकारी गोरखपुर वन प्रभाग, गोरखपुर के पद नाम से बन्धक होगीं वृक्ष स्वामी निपातित किये गये प्रत्येक वृक्ष के स्थान पर 10 वृक्षों को रोपण एवं अनुरक्षण करेगा अथवा वृक्ष रोपित न करने की स्थिती में एक वृक्ष के कटान के स्थान पर 10 पौधो को रोपित किये जाने तथा 5 वर्ष तक उनका अनुरक्ष किये जाने की धनराशि उक्त अधिनियम 1976 की धारा 5 और 7 के अनुसार वृक्ष स्वामी द्वारा वन विभाग में जमा की जायेगी। वन विभाग इस धनराशि का उपयो वनीकरण के प्रयोजनार्थ करेगा।

Scanned with OKEN Scanner

# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर (उ0प्र0)
# Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur (U.P.)

ब. 100 रू0 प्रति वृक्ष की दर से आवेदन शुल्क की धनराशि क्षेत्रीय वनाधिकारी मुख्यालय ई–3 के माध्यम से जमा करना होगा।

स. वन विभाग द्वारा उक्त प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त वृक्षों को कटवाने हेतु अनुमति दी जायेगी। तथा कटान के जॉचोपरान्त उत्पदित प्रकाष्ठ के फैक्टर के अनुसार 38 रू0 प्रति टन की दर से तथा 75 रू0 सम्पत्ति घन रजिस्ट्रेशन शुल्क वन विभाग में जमा करने के उरान्त अभिवहन पास प्रस्तुत करने पर वृक्षों को ले जाया जाने दिया जायेगा।

7. निविदादाता को ई0एम0डी0 की धनराशि **रू0 70,000/–** निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
8. अधिकतम् बोली प्रस्तुत करने वाले व इस निविदा के समस्त नियमों एवं शर्तो का भलीभाँति पालन करने वाले निविदादाता को ही दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर, विश्वविद्यालय गोरखपुर द्वारा कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
9. निविदा कुलसचिव, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर, विश्वविद्यालय गोरखपुर के नाम संदर्भित होगी।
10. निविदादाता द्वारा तकनीकी निविदा के साथ निम्नाँकित प्रपत्रों/अभिलेख को सम्पत्ति कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा, इन प्रपत्रों के अभाव में उनकी निविदा अस्वीकृत कर दी जायेगी।
    - I - **GST** रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति।
    - II - पैन कार्ड की छायाप्रति।
    - III – आधार कार्ड की छायाप्रति।
    - IV – प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट/राजपत्री अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र।
11. निविदादाता की दरों का निविदा में प्रथम बार में ही स्पष्ट उल्लेख किया जाना आवश्यक होगा। दरों के संबंध में निविदादाता की कोई भी अतिरिक्त शर्ते मान्य नही होगी।
12. विश्वविद्यालय द्वारा किसी प्रकार का वित्तीय भार/वहन नहीं किया जायेगा।
13. नीलामी में उच्चतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को उच्चतम बोली का 25% तत्काल विश्वविद्यालय के लेखा विभाग में जमा करना होगा।
14. उच्च बोली वाले व्यक्ति को 07 दिन के अन्दर नीलामी का पूरा पैसा विश्वविद्यालय के लेखा विभाग में जमा करके एवं प्रभागीय वनाधिकारी, गोरखपुर से वृक्षों की कटान परमिट अधिवहन पास लेकर वृक्षों को हटवाना अनिवार्य होगा।
15. वृक्षों के ले जाने में यदि कोई विश्वविद्यालय की क्षति होती है तो क्रेता को उसकी भरपाई करनी होगी।
16. कुलपति दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर, विश्वविद्यालय गोरखपुर को यह अधिकार होगा कि वह बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त कर दे।
17. निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के संबंध में , कुलपति दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर, विश्वविद्यालय गोरखपुर का निर्णय अंतिम होगा।
18. किसी वाद–विवाद की स्थिति मे न्यायक्षेत्र गोरखपुर न्यायलय का होगा।

Scanned with OKEN Scanner

# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर (उ०प्र०)
# Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur (U.P.)

## नीलामी निविदा प्रपत्र का विवरण निम्नवत है

1. फर्म का नाम :–
2. फर्म का पंजीकृत पता :–
3. फर्म का स्थानीय पता : –
4. प्रोपराइटर / पार्टनर का नाम :–
5. पैन कार्ड संख्या :–
6. जी.एस.टी. संख्या :–
7. पिछले 3 वर्षो का आई.टी.आर. :–
8. ई.एम.डी. के बैंक ड्राफ्ट का विवरण :–

मेरे द्वारा निविदा के सभी नियमों एवं शर्तो का भलीभाँति अध्ययन कर लिया गया है। मुझे निविदा की सभी नियम एवं शर्ते स्वीकार है। मेरे द्वारा कार्यादेश निर्गत होने के 07 दिन के अन्दर अनुबंध पत्र सम्पादित कर कार्य प्रारम्भ कर कदया जायेगा।

| | |
|---|---|
| निविदादाता के हस्ताक्षर फर्म की सील सहित | |
| निविदादाता का पूरा नाम : | |
| निविदादाता की फर्म का नाम: | |
| पूर्ण पंजीकृत पता : | |
| निविदादाता का मोबाइल सं0 (1) : | |
| निविदादाता का मोबाइल सं0 (2) : | |

Scanned with OKEN Scanner